FIRST SESSION OF 18TH LOK SABHA CONCLUDES/18वीं लोक सभा का पहला सत्र समाप्त

…

07 SITTINGS OF LOK SABHA WERE HELD DURING FIRST SESSION, WHICH LASTED FOR 30 HOURS AND 40 MINUTES: LOK SABHA SPEAKER/पहले सत्र के दौरान लोक सभा की 07 बैठकें हुईं, जो 34 घंटे तक चलीं: लोक सभा अध्यक्ष

…

PRODUCTIVITY OF LOK SABHA WAS 103 PERCENT: LOK SABHA SPEAKER/पहले सत्र में लोक सभा की उत्पादकता 103 प्रतिशत रही: लोक सभा अध्यक्ष

…

539 MEMBERS TOOK OATH DURING FIRST SESSION OF 18TH LOK SABHA: LOK SABHA SPEAKER/18वीं लोक सभा के पहले सत्र के दौरान 539 सदस्यों ने शपथ ली: लोक सभा अध्यक्ष

…

MOTION OF THANKS ON PRESIDENT'S ADDRESS WAS DISCUSSED FOR 18 HOURS AND 68 MEMBERS PARTICIPATED IN THE DISCUSSION: LOK SABHA SPEAKER/राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर 18 घंटे तक चर्चा हुई और 68 सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया: लोक सभा अध्यक्ष

…

New Delhi, 02, July, 2024: The First Session of the 18th Lok Sabha, which commenced on 24 June, 2024, concluded today.

With regard to the business of the House, Shri Birla informed that the First Session that commenced on 24 June, 2024, comprising of 07 sittings, lasted for about 30 hours 40 minutes.

Shri Birla also informed that Lok Sabha recorded 103 percent productivity during the Session.

During the Session, 539 Members took Oath, informed Shri Birla.

Referring to the election of Speaker, Lok Sabha held on 26 June, 2024, Shri Birla expressed gratitude for electing him as Speaker for the second time through voice vote. On 26 June, 2024 also, the Prime Minister introduced the Council of Ministers to the House, informed Shri Birla.

Shri Birla informed the House that the discussion on the Motion of Thanks to the President's Address on 27 June, 2024 lasted for more than 18 hours and 68 Members participated in the discussion. In addition, 25 Members laid their speeches. The discussion concluded with the reply of the Prime Minister on 2 July, 2024. Shri Rahul Gandhi was appointed as Leader of Opposition in Lok Sabha on 27 June, 2024, he further informed.

While a total of 41 matters were taken up under Rule 377, 03 Statements were made under Direction 73A. This apart, 338 papers were laid during the Session, informed Shri Birla.

Shri Birla expressed his gratitude to Shri Bhartruhari Mahtab, Pro-tem Speaker for smooth conduct of proceedings during Oath of the Members and election of the Speaker. He also thanked the Prime Minister, Minister of Parliamentary Affairs, Leaders of Parties and Members of the House for their contributions to run the House smoothly.

नई दिल्ली, 02, जुलाई, 2024: सोमवार 24 जून, 2024 को आरंभ हुआ 18 वीं लोक सभा का पहला सत्र, आज समाप्त हो गया।

इस अवसर पर सदन के कामकाज के संबंध में लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने बताया कि इस सत्र में 07 बैठकें हुई जो लगभग 34 घंटे तक चली।

श्री बिरला ने यह भी बताया कि सत्र के दौरान लोक सभा में 103 प्रतिशत कार्य उत्पादकता दर्ज की गई।

श्री बिरला ने बताया कि सत्र के दौरान 539 सदस्यों ने शपथ ली।

26 जून, 2024 को हुए लोक सभा अध्यक्ष के निर्वाचन का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने ध्वनि मत से दूसरी बार अध्यक्ष चुने जाने पर आभार व्यक्त किया। श्री बिरला ने सूचित किया कि 26 जून, 2024 को प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सदन में मंत्रिपरिषद का परिचय भी कराया।

श्री बिरला ने उल्लेख किया कि माननीय राष्ट्रपति महोदया ने दिनांक 27 जून 2024 को समवेत दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने आगे बताया कि श्री राहुल गांधी की नेता प्रतिपक्ष के रूप में नियुक्ति को 27 जून, 2024 को लोक सभा में घोषित किया गया।

श्री बिरला ने सदन को सूचित किया कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा 18 घंटे से अधिक समय तक चली और 68 सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया। इसके अतिरिक्त, 50 सदस्यों ने अपने अपने वक्तव्य सभा पटल पर रखे। 2 जुलाई, 2024 को प्रधान मंत्री के उत्तर के पश्चात् प्रस्ताव पारित हुआ और चर्चा समाप्त हुई।

श्री बिरला ने बताया कि नियम 377 के तहत कुल 41 मामले उठाए गए, निर्देश 73(क) के तहत 03 वक्तव्य दिए गए और सत्र के दौरान 338 पत्र सभा पटल पर रखे गए।

श्री बिरला ने सदस्यों की शपथ और अध्यक्ष के निर्वाचन की कार्यवाही के सुचारू संचालन के लिए प्रोटेम स्पीकर श्री भर्तृहरि महताब के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने सदन के सुचारू कामकाज में योगदान के लिए प्रधान मंत्री, संसदीय कार्य मंत्री, सदन में दलों के नेताओं और सदन के सदस्यों को भी धन्यवाद दिया।